>

Title : The Minister of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 27th July, 2009 and submissions made by members.

MADAM SPEAKER: Statement by Minister of Parliamentary Affairs. Item No. 8, Shri Pawan Kumar Bansal.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Madam, with your permission, I rise to announce that the Government business during the week commencing Monday, the 27th of July, 2009, will consist of: -

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper.
2. Consideration and passing of the Right of Children to Free and Compulsory Education Bill, 2009, as passed by Rajya Sabha.
3. Consideration and passing of the Rubber (Amendment) Bill, 2009.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्य सूची में निम्नलिखित विषयों का समावेश किया जाये।

1. आर्थिक विकास की दृष्टि से पिछड़े राज्यों विशेषकर मध्य प्रदेश में रोजगार के नवीन अवसरों का

सृजन करने हेतु टीकमगढ़ छतरपुर पन्ना दमोह आदि जिलों में केन्द्र सरकार द्वारा उद्योगों की स्थापना की जाये।

2. महाराजा छत्रसाल से जुड़े छतरपुर एवं आसपास के स्मृति स्मारकों का विशेष संरक्षण कर उन्हें

पुरातत्व विभाग द्वारा प्राचीन स्वरूप प्रदान कर पर्यटन केन्द्रों के रूप में विकसित किया जाये।

अध्यक्ष महोदया : श्री गणेश सिंह -- अनुपस्थित।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में प्रखण्डवार धान-गेहूं क्रय केन्द्र खोले जाने का कोई उल्लेख नहीं है।

मेरा आग्रह है कि इसे अगले सप्ताह की कार्यसूची में जोड़ा जाए।

श्री हरि माझी (गया): महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में नई दिल्ली से गया एवं गया से नई दिल्ली तथा कलकत्ता से वाया गया होते हुए नई दिल्ली तक की हवाई यात्रा चलाने का कोई उल्लेख नहीं है।

अतः मेरा आग्रह है कि इसे अगले सप्ताह की कार्यसूची में जोड़ा जाए।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी): महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषय जोड़े जाएं :

1. दिल्ली में मेट्रो, बिहार में पटना में गंगापुल, एनएच. 57 में बनाए गए आधे दर्जन पुल तथा कोशी में महासेतु के निर्माण में गुणवत्ता की भयंकर गड़बड़ी के कारण राष्ट्रीय निर्माण के साथ धोखाधड़ी करने वाली कम्पनी के कार्यकलापों तथा सम्बन्धित विभागों की लापरवाही पर सदन में चर्चा की जाए।
2. बिहार में एन.एच. की सड़कों की हालत अत्यन्त खराब है। दो लेन एवं चार लेन बनाने के प्रस्ताव भूतल परिवहन मंत्रालय में लम्बित हैं। इस पर सदन में चर्चा कराई जाए।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया जाए:

1. उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर जनपद के पिपरहवा (कपिलवस्तु) के गौतमबुद्ध की जन्मस्थली को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटक मानचित्र पर लाने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा विकास किए जाने के विषय को शमिल किया जाए।

2. उत्तर प्रदेश में राज्य चीनी निगम द्वारा संचालित चीनी मिलें जो विगत कई वर्षों से बन्द हैं, उन्हें पुनः चालू कराने हेतु सरकार द्वारा आवश्यक कार्रवाई किए जाने संबंधी विषय को शामिल किया जाए।

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): महोदया, लोक सभा के आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को जोड़ा जाए :

1. बिहार राज्य के खगड़िया एवं सहरसा जिलों को जोड़ने वाली सोनमनखी से खोचरदेवा सड़क जिसके अगल-बगल लाखों दलित एवं अत्यंत पिछड़े वर्गों के लोग बसे हैं, उनके यातायात की सुविधा के लिए कोशी एवं बागमती नदियों पर पुल सहित निर्माण कराई जाए।

2. पूर्व मध्य रेलवे अन्तर्गत खगड़िया से कुशेश्वर स्थान एवं हसनपुर से सकरी में 14 वर्षों से निर्माणाधीन रेल लाइन का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए।

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): महोदया, लोक सभा के आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को जोड़ा जाए :

1. झारखण्ड के बोकारो जिले के दो प्रखण्डों पेटरवार एवं बेरमों को जोड़ने हेतु अंगवाली के निकट दामोदर नदी पर पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति की आवश्यकता।

2. गिरिडीह जिला झारखण्ड के डुमरी प्रखण्ड के विरनी को जोड़ने के लिए बराकर नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति और प्राथमिकता के आधार पर इस कार्य को सम्पन्न कराने की आवश्यकता।

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): The following items may be included in the next week's List of Business:-

1. Jute is regarded as an organic fibre all over the world. In an age of people's consciousness, it has the inherent potentialities of capturing the apparel market in the world provided the golden fibre production is given due diligence.

2. Malda, Balughat and Coochbehar, the three cities of West Bengal, have the necessary infrastructure for developing Air-strip and Airport.